**उत्तर प्रदेश राज्य गंगा समिति एवं गवर्निंग काउन्सिल, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उत्तर प्रदेश की दिनांक 19.08.2020 को अपरान्ह 1:00 बजे सम्पन्न सातवीं बैठक का कार्यवृत्त :–**

उत्तर प्रदेश राज्य गंगा समिति एवं गवर्निंग काउन्सिल, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0 की सातवीं बैठक दिनांक 19.08.2020 को अपरान्ह 1:00 बजे मा0 मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष राज्य गंगा समिति/गवर्निंग काउन्सिल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0स0 | अधिकारी का नाम | पद नाम एवं विभाग का नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री अनुराग श्रीवास्तव | प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/परियोजना निदेशक राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0। |
| 2 | श्री के0रवीन्द्र नायक | प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 3 | श्री अन्नावि दिनेशकुमार | विशेष सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/अपर परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0। |
| 4 | श्री रमेश रंजन | संयुक्त प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम। |
| 5 | श्री आशीष तिवारी | सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड। |
| 6 | श्री पंकज सक्सेना | विशेष सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन। |
| 7 | श्री के0पी0 दूबे | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, परियोजना पर्यावरण वन एवं जल वायु परिवर्तन विभाग। |
| 8 | श्री संदीप चन्द्रा | मुख्य अभियंता, औद्येगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 9 | डा0 हरीश चंद्रा | विशेष कार्याधिकारी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग। |
| 10 | श्री भीम सेन | मुख्य वन संरक्षक (परियोजना), वन विभाग, उ0प्र0। |

उपरोक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित विभागों के अधिकारियों द्वारा Video Conferencing /वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया गया :–

| क्र0स0 | अधिकारी का नाम | पद नाम एवं विभाग का नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री नवनीत सहगल, | अपर मुख्य सचिव, स्माल एवं मीडियम इंडस्ट्रीज विभाग। |
| 2 | श्री दीपक कुमार | प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग। |
| 3 | श्री ए0के0 सिंह | अधिशासी निदेशक (परियोजना), राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली। |
| 4 | श्री बृजराज सिंह यादव | विशेष सचिव, कृषि विभाग। |
| 5 | श्री गिरीश चन्द्र अग्रवाल | मुख्य अभियंता (रामगंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग। |

Scanned with OKEN Scanner

मा0 मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन अध्यक्ष, राज्य गंगा समिति/गवर्निंग काउन्सिल की अनुमति से बैठक प्रारम्भ करते हुए प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/ परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ.0प्र0 द्वारा एजेण्डावार समिति के समक्ष निम्नवत विवरण प्रस्तुत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु संख्या 7.1**

उत्तर प्रदेश राज्य गंगा समिति की दिनांक 05.03.2020 को सम्पन्न छठवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।

समिति द्वारा दिनांक 05.03.2020 को सम्पन्न छठवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**एजेण्डा बिन्दु संख्या 7.2**

राज्य गंगा समिति की दिनांक 05.03.2020 की छठवीं बैठक में लिये गये निर्णय की अनुपालन आख्या।

| क.सं | एजेण्डा बिन्दु संख्या | समिति के निर्देश |
|---|---|---|
| 1. | 6.1–उत्तर प्रदेश राज्य गंगा समिति की दिनांक 30.09.2019 को सम्पन्न 5वीं बैठक की कार्यवृत्त का अनुमोदन। | समिति द्वारा कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 2 | 6.2– राज्य गंगा समिति की दिनांक 30.09.2019 को सम्पन्न पांचवीं बैठक में लिए गए निर्णय की अनुपालन आख्या। | अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| | 3.3(1)–1 एस0टी0पी0 का संचालन न होना, अन्डर कैपिसिटि संचालित होना। | समिति द्वारा विभागीय आख्या के अवलोकन के उपरान्त निर्देशित किया गया कि एस0टी0पी0 के अन्डर कैपिसिटि संचलित हाने के कारण की जानकारी कर उसे दूर कराकर लोनी एवं बांदा के बंद एस0टी0पी0 को चालू कराया जाये। |
| | 3.3(1)–2 सीवरेज नेटवर्क व हाउस सीवरेज कनेक्शन से प्रत्येक शहर को आच्छादित कराना। | आख्या के अवलोकनोपरान्त समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष सीवर कनेक्शनों के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| | 3.3(1)–3 गंगा के किनारे शहरो हेतु सालिड वेस्ट मैनेजमेण्ट हेतु प्लान तैयार कराकर पूर्ण कराया जाना।<br><br>3.3(1)–4 गंगा में मिलने वाले नालों में स्क्रीन लगाया जाना। | अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया।<br><br>अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| | 5.4, 5.6, 5.7 एवं 5.8 | एजेण्डा बिन्दु संख्या 5.4, 5.6, 5.7 एवं 5.8 की अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| | 5.5–मा0 मुख्य मंत्री उ0प्र0 द्वारा दिए गए नये निर्देश कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों में गिरने वाले नालों के जल के बिना शोधन के नदी में न मिलने देने हेतु आवश्यक कार्यवाही में विचार हेतु प्रस्ताव। | अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लेते हुए निर्देशित किया गया कि समिति का निरीक्षण शीघ्र सुनिश्चित कराकर पायलट प्रोजेक्ट्स शीघ्र तैयार कराया जाय। |
| | 5.9–जिला गंगा समितियों के सदस्यों के प्रशिक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु कार्यवाही का आयोजन। | अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| | 5.10–अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव। | अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| 3 | 6.3 – मा0 मंत्री जल शक्ति भारत सरकार एवं मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 की बैठक दिनांक 03.07.2019 में उठायें गये 37 बिन्दुओं पर अनुपालन। समिति को 37 बिन्दूओ मे से 32 बिन्दुओ पर अनुपालन पूर्ण किये जाने तथा निम्न 5 बिन्दूओ पर कार्यवाही षेश होने की स्थिती से अवगत कराया गया। | प्रबंध निदेशक उ0प्र0 जल निगम को पत्र सं0 323/0245/ एस0 एम0 सी0 जी0 /07 दिनांक 31.03.2020 भेजकर शेष 5 बिन्दूओ पर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी उनके द्वारा निम्नवत् सूचना उपलब्ध करायी गयी है। |
| | 1–बरेली सीवरेज योजना हेतु भूमि अधिग्रहण। | समिति द्वारा आख्या के अवलोकनोपरान्त निर्देशित किया गया कि परियोजना के कार्य प्रारम्भ करने हेतु शीध्र आवश्यक कार्यवाही की जायें। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| | 2–आगरा सीवरेज योजना हेतु भूमि अधिग्रहण। | समिति द्वारा आख्या के अवलोकनोपरान्त निर्देशित किया गया कि परियोजना के कार्य प्रारम्भ करने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जायें। |
| | 3–मथुरा परियोजना के कैण्ट क्षेत्र मे पाइप लाइन डालने की अनुमति। | समिति द्वारा आख्या के अवलोकनोपरान्त निर्देशित किया गया कि परियोजना के कार्य प्रारम्भ करने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जायें। |
| | 4– आई0 एण्ड डी0 एस0 टी0पी0 योजना गाजीपुर की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 की स्वीकृति। | समिति द्वारा अनुपालन आख्या का संज्ञान लिया गया। |
| | 5– आई0 एण्ड डी0 एस0 टी0पी0 योजना मिर्जापुर की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 की स्वीकृति। | समिति द्वारा अनुपालन आख्या का संज्ञान लिया गया। |
| 4. | 6.4 – दिनांक 14.12.19 को मा0 प्रधानमंत्री,भारत सरकार की अध्यक्षता में कानपुर में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक मे लिये गये निर्णय पर कार्यवाही। | समिति द्वारा अनुपालन आख्या का संज्ञान लिया गया। |
| 5. | 6.5–नमामि गंगे / एन.जी.आर.बी.ए. कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित / निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति समीक्षा के सम्बंध मे समिति के निर्देश। | संयुक्त प्रबंध निदेशक द्वारा योजनाओं के संबंध मे किये गये प्रस्तुतीकरण का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| 6. | 6.6– एन0जी0आर0बी0ए0 / नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित योजनाओं को जल संसाधन मंत्रालय के स्थान पर नव गठित मंत्रालय जल षक्ति के अधीन किये जाने पर भारत सरकार के राजपत्र का.अ. 3187(ई) नई दिल्ली दिनांक 07.10.2016 में प्राविधानित राज्य गंगा समिति में प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति को सम्मिलित किये जाने के संबंध में। | अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गयां। |
| 7. | 6.7–अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव। | अनुपालन आख्या का समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |

Scanned with OKEN Scanner

एजेण्डा बिन्दु संख्या 7.3

नमामि गंगे/एन.जी.आर.बी.ए. कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित/निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति समीक्षा।

1. जल निगम द्वारा योजनाओं का प्रस्तुतीकरण :–

नमामि गंगे/एन0जी0आर0बी0ए0 कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सीवरेज परियोजना का क्रियान्वयन करा रही कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम के संयुक्त प्रबंध निदेशक द्वारा योजनाओं का प्रस्तुतीकरण प्रारम्भ किया गया। वित्त से सम्बंधित प्रस्तुतीकरण में मुख्य सचिव महोदय द्वारा जानकारी चाहीं गई कि क्या जल निगम तृतीय एवं चतुर्थ त्रैमास में निर्धारित वित्तीय लक्ष्य रू0 204.40 करोड़ तथा रू0 215.72 करोड़ प्राप्त कर सकेगा ? संयुक्त प्रबंध निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम निर्धारित वित्तीय लक्ष्य प्राप्त कर लेगा।

योजनाओं के भौतिक प्रगति के प्रस्तुतिकरण में जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि अब तक 16 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी है, 21 परियोजनाएं निर्माणाधीन, 07 परियोजनाएं निविदा प्रक्रिया के अधीन, 12 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन स्वीकृति हेतु लम्बित है तथा 02 परियोजनाओं के डी0पी0आर0 पुनरीक्षित कर एन0एम0सी0जी0 को भेजे जाने है।

तृतीय त्रैमासिक अवधि में 04 योजनाएं तथा चतुर्थ त्रैमासिक अवधि में 02 योजनाएं पूर्ण कर ली जायेगी। मुख्य सचिव महोदय द्वारा जानकारी चाही गयी कि इस अवधि में लक्ष्य के अनुसार कितनी योजनाएं पूर्ण की जानी थी ? जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि लक्ष्य के अनुसार 07 योजनाएं पूर्ण की जानी थी, परन्तु लॉकडाउन के कारण 06 योजनाएं ही पूर्ण हो पायेंगी।

इसके उपरान्त जल निगम द्वारा निर्माणाधीन, निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत एवं एन0एम0सी0जी0 को भेजे गये डी0पी0आर0 तथा ऐसी योजनाएं जिनकी डी0पी0आर0 पुनरीक्षित कर प्रस्तुत किये जाने है, के संबंध में प्रस्तुतीकरण किया गया।

(अ). निर्माणाधीन योजनाओं से संबंधित प्रस्तुतीकरण :–

| क्रं सं | परियोजना का नाम | भौतिक प्रगति प्रतिशत में | पूर्ण होने की तिथि | पुनरीक्षित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीवर परियोजना मुरादाबाद | 97.96 | जून 2020 | मार्च 2021 |
| 2 | जायका, वाराणसी | 97.90 | जून 2020 | मार्च 2021 |
| 3 | 50 एम0एलडी0 एस0टी0पी0 रमना | 87 | जून 2020 | दिसम्बर 2020 |
| 4 | सीवरेज परियोजना कानपुर डिस्ट्रिक्ट–1 | 84 | जुलाई 2020 | दिसम्बर 2020 |

Scanned with OKEN Scanner

मा0 मुख्य सचिव की अनुमति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 मथुरा | 66.5 | जनवरी 2020 | जुलाई 2021 |
| 6 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 रामनगर | 44 | अगस्त 2020 | दिसम्बर 2020 |
| 7 | फीकल स्लज परियोजना, चुनार | 33 | सितम्बर 2020 | दिसम्बर 2020 |
| 8 | आई0 एण्ड डी0 वर्क्स, इटावा | 31.5 | जनवरी 2020 | जुलाई 2021 |
| 9 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 कासगंज | 31 | जुलाई 2021 | जनवरी 2022 |
| 10 | आई0 एण्ड डी0 वर्क्स, फिरोजाबाद | 23 | नवम्बर 2020 | मई 2021 |
| 11 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0 जौनपुर | 12 | अक्टूबर 2021 | अप्रैल 2022 |
| 12 | रिहेब्लीटेशन एण्ड ओ0 एण्ड एम0, कानपुर | 8 | अक्टूबर 2021 | मार्च 2022 |
| 13 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, नैनी, फाफामऊ, एण्ड झुंसी | 11 | सितम्बर 2021 | मार्च 2022 |
| 14 | रिहेब्लीटेशन एण्ड ओ एण्ड एम, प्रयागराज | 45 | सितम्बर 2021 | मार्च 2022 |
| 15 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, सुल्तानपुर | 5 | दिसम्बर 2021 | जून 2022 |
| 16 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, बागपत | 2 | फरवरी 2021 | अगस्त 2022 |
| 17 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, उन्नाव | 7.5 | अक्टूबर 2021 | मार्च 2022 |
| 18 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, शुक्लागंज | 0 | अक्टूबर 2021 | मार्च 2022 |
| 19 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, बुढ़ाना | 0 | फरवरी 2022 | अगस्त 2022 |
| 20 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, मुजफ्फरनगर | 0 | फरवरी 2022 | अगस्त 2022 |
| 21 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, मुरादाबाद | 0 | मार्च 2022 | सितम्बर 2022 |

उपरोक्त प्रस्तुतीकरण के क्रम में मुख्य सचिव द्वारा सीवरेज परियोजना मुरादाबाद तथा जायका वाराणसी एवं आई0 एण्ड डी0 एस0टी0पी0 परियोजना मुरादाबाद की प्रगति असंतोषजनक होने के सम्बंध में जानकारी चाही गई तथा अब तक इन योजनाओ के कार्य पूर्ण/प्रारम्भ न होने के, कारण स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए, जल निगम द्वारा निम्नवत स्थिति से अवगत कराया गया :-

Scanned with OKEN Scanner

(i). <u>सीवरेज परियोजना मुरादाबाद तथा जायका वाराणसी</u> :– लॉकडाउन होने तथा कई स्थलों पर सकरी गलियों के कारण सीवर लाइन डालने का कार्य ट्रेन्चलेस विधि से कराया जा रहा है, जिस कारण योजना के पूर्ण होने में विलम्ब हो रहा है।

(ii). <u>आई0 एण्ड डी0 एस0टी0पी0 परियोजना मुरादाबाद</u> :– आई0 एण्ड डी0 एस0टी0पी0 के कार्य प्रारम्भ न होने के कारण के संबंध में जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया था, परन्तु एस0टी0पी0 के निर्माणस्थल पर मा0 न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण कार्य स्थगित हो गया है। नगर निगम से विवाद के शीघ्र निस्तारित कराने हेतु अनुरोध किया गया है।

## (ब). निविदा प्रकिया के अंतर्गत परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण :–

| क्र.सं0 | परियोजना के संबंध में जल निगम द्वारा प्रस्तुत विवरण | निर्देश |
|---|---|---|
| 1 | आई0 एण्ड डी0 एस0टी0पी0 फर्रुखाबाद :– इस योजना से संबंधित निविदा पूर्व में आमंत्रित की गयी थी। न्यूनतम दर दाता द्वारा कैपिटल मद में प्रस्तावित कार्यो की लागत से 65 प्रतिशत अधिक दरें दी गई थी, तथा समेकित रूप से दर अनुमानित लागत से 23 प्रतिशत अधिक दी गई थी, जिस कारण निविदा निरस्त कर दी गयी थी। पुनः राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा योजना में कतिपय अतिरिक्त कार्यो को सम्मिलित कर डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। निर्देश के अनुपालन में जल निगम द्वारा रू0 415.41 करोड़ की डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु दिनांक 12.05.2020 को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में भेजी गयी है, स्वीकृति अभी प्रतिक्षित है। | मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आई0 एण्ड डी0 एस0टी0पी0 फर्रुखाबाद योजना की स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र स्वीकृति प्राप्त की जाये। |
| 2 | आगरा सीवरेज परियोजना के अंर्तगत रिहेब्लीटेशन/रेनोवेशन एवं आई0 एण्ड डी0 वर्क्स तथा काली नदी, मेरठ के पल्यूशन एबेटमेण्ट वर्क्स :– जल निगम | आगरा सीवरेज परियोजना के अंर्तगत रिहेब्लीटेशन/रेनोवेशन एवं आई0 एण्ड डी0 वर्क्स तथा काली नदी, मेरठ के पल्यूशन एबेटमेण्ट वर्क्स योजना के |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| | द्वारा अवगत कराया गया कि ये दोनों योजनाएं वर्ल्ड बैंक से वित्त पोषित है और इनके लिए निविदा संबंधी दस्तावेज राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा उपलब्ध कराया जाना है, जो अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। | निविदा संबंधी दस्तावेज राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से जारी कराने हेतु मुख्य सचिव की ओर से पत्र भिजवाया जाये। |
| 3 | आई० एण्ड डी० एस०टी०पी० योजना मिर्जापुर एवं गाजीपुर की पुनरीक्षित डी०पी०आर० की स्वीकृति की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। निविदा आमंत्रित कर ली गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31.08. 2020 हैं। | आवश्यक कार्यवाही करके शीघ्र योजना का कार्य प्रारम्भ कराया जायें। |
| 4 | आई० एण्ड डी० एस० टी०पी० वर्क्स एट लखनऊ योजना :हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, 08 निविदाएं प्राप्त है परन्तु तकनीकी मूल्यांकन में मात्र 01 निविदा रिस्पांसिव पाये जाने के कारण, निविदा निरस्त कर दी गयी। | आवश्यक कार्यवाही करके शीघ्र योजना का कार्य प्रारम्भ कराया जाये। |
| 5 | बरेली परियोजना हेतु पल्यूशन एबेटमेण्ट वर्क्स हेतु 04 स्थलों पर एस0टी0पी0 निर्माण हेतु भूमि प्राप्त की जानी थी। एअर फार्स नाला( 01 एम0एल0डी0) तथा 20 एम0एल0डी0 एस0टी0पी0 निर्माण हेतु निजी भूमि क्रय करने की कार्यवाही कर ली गई है। 41 एम0एल0डी0 एस0टी0पी0 हेतु पुलिस विभाग के नाम से अंकित जमीन के हस्तानान्तरण की कार्यवाही अंतिम चरण में है, जो शीघ्र पूर्ण हो जायेगी। चौथे स्थल चोटी विहार (01 एम0एल0डी0 एस0टी0पी0) हेतु प्रशासन द्वारा स्थल रक्षित कर दिया गया है। | आवश्यक कार्यवाही करके शीघ्र योजना का कार्य प्रारम्भ कराया जाये। |

Scanned with OKEN Scanner

(स). राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में योजनाओं की स्वीकृत हेतु भेजे गये डी0पी0आर0 से संबंधित विवरण :–

| क्रं सं. | परियोजना का विवरण | अनुमानित लागत रू0 करोड़ में | एन0एम0सी0जी0 में डी0पी0आर0 भेजने का दिनांक | निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी कालपी नगर | 86.10 | 30.03.2020 | मुख्य सचिव की ओर से सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, भारत सरकार को इन योजनाओं की स्वीकृति हेतु अनुरोध पत्र भिजवाया जाये। |
| 2 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी बांदा नगर | 144.44 | 30.03.2020 | |
| 3 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी लोनी नगर | 384.66 | 02.06.2020 | |
| 4 | आई0 एण्ड डी0 एस0टी0पी कैराना नगर | 68.63 | | |
| 5 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी गुलावठी नगर | 74.91 | 11.06.2020 | |
| 6 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी सहारनपुर नगर | 767.47 | 08.06.2020 | |
| 7 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी देवबंद नगर | 81.79 | 26.06.2020 | |
| 8 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी टॉडा नगर | 244.67 | 24.07.2020 | |
| 9 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी फैजाबाद नगर | 363.95 | 27.07.2020 | |
| 10 | आई0 एण्ड डी एण्ड एस0टी0पी गोरखपुर नगर | 431.88 | 17.08.2020 | |
| 11 | कानपुर नगर की पुरानी ट्रंक सीवर का रिहेब्लीटेशन | 182.68 | 07.05.2020 | |
| 12 | पल्यूशन एबेटमैण्ट ऑफ रिवर गोमती एट लखनऊ | 557.7 | 05.06.2020 | |

(द). योजनाओं का विवरण जिनकी डी0पी0आर0 पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा आपत्तियाँ उठायी गयी।

| क्रं सं. | परियोजना का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 करोड़) | एन0एम0सी0जी0 द्वारा डी0पी0आर0 पर आपत्ती भेजने का दिनांक | निर्देश |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आई0 एण्ड डी0 एण्ड एस0टी0पी0, खलीलाबाद नगर | 33.20 | 19.09.2019 | आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण कराकर पुनरीक्षित डी0पी0आर0 एन0एम0सी0जी0 को भेजी जाय। |
| 2 | आई0 एण्ड डी एण्ड एस0टी0पी0 मगहर नगर | 19.88 | 19.09.2019 | |

Scanned with OKEN Scanner

2. उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रस्तुतीकरण :–

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अपने विभाग के अधीन क्रियान्वित कार्यों के सम्बंध में निम्नवत विवरण प्रस्तुत किया गया:–

| क्रं सं. | क्रियान्वित कार्यों का विवरण | निर्देश |
|---|---|---|
| | प्रतिदिन 62 स्थलों, 34 गंगा, 07 रामगंगा, 11 काली, 01 यमुना, 02 पाण्डु, 02 गर्रा, 01 कोसी, 01 धेला, 01 बहेला, 01 गगन तथा 01 वरूणा नदियों पर रंग, पी0एच0, डी0ओ0, बी0ओ0डी0, टोटल फीकल कोलीफार्म की जॉच | समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| 2 | प्रदेश में 105 एस0टी0पी0 अधिष्ठापित है, उनमें से 94 क्रियाशील है, 11 अक्रियाशील है, 72 एस0टी0पी0 से मानक के अनुसार जल शोधन हो रहा है, परन्तु 22 एस0टी0पी0 से मानक के अनुसार जल शोधन नहीं हो रहा है। | उ0प्र0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में कुल 104 एस0टी0पी0 अधिष्ठापित है,य उनमें से 102 क्रियाशील है तथा 02 एस0टी0पी0 लोनी एवं बांदा में बंद है। समिति द्वारा उ0प्र0 जल निगम को निर्देशित किया गया कि सूचना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ अद्यतन कराते हुए लोनी एवं बांदा एस0टी0पी0 को आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र चालू कराया जाय। |
| 3 | प्रदेश में 07 सी0ई0टी0पी0 (कामन इफ्लूएण्ट ट्रीटमेण्ट प्लांट) अधिष्ठापित है, उनमें से 06 ट्रीटमेण्ट प्लांट मानक के अनुसार जल शोधन करते हुए क्रियाशील है, 01 अक्रियाशील है। | समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। |
| 4 | उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से रू0 36.08 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गयी है। इसमें से 11.66 करोड़ प्रयोगशालाओं के लिए इन्स्ट्रूमेण्ट क्रय करने हेतु उनका स्पेसिफिकेशन एन0एम0सी0जी0 द्वारा निर्धारित किया जाना है, जो काफी समय व्यतीत हो जाने के बाद भी निर्धारित न होने के कारण उनका क्रय सम्भव नहीं हो पा रहा है। बोर्ड द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि केन्दीय प्रयोगशाला के अतिरिक्त 05 प्रयोगशालाओं :– गाजियाबाद, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी एवं रायबरेली का एन0ए0बी0एल से एक्रीडिएशन का कार्य प्रक्रिया में है। | समिति द्वारा संज्ञान लेते हुए निर्देशित किया गया कि इस संबंध में मुख्य सचिव की ओर से सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, भारत सरकार को अनुरोध पत्र भिजवाया जाये। |

Scanned with OKEN Scanner

3. वन विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं का कार्य संतोषजनक होने के कारण उनसे कोई प्रस्तुतीकरण नहीं कराया गया।

मुख्य सचिव महोदय द्वारा निम्नवत निर्देश दिए गए :-

1. जल निगम द्वारा अपने स्तर से ही योजनाओं के पूर्ण होने की तिथि में परिवर्तन कर दिया जाता है, जो उचित नहीं है, भविष्य में यह परिवर्तन राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के स्तर पर ही किया जाय।
2. योजनाओं हेतु आवश्यक जमीन आदि पर विवाद होने पर उसका संज्ञान मुख्य सचिव को देते हुए समाधान कराया जाय।
3. प्रत्येक योजना हेतु त्रैमासिक लक्ष्य बनाया जाय, जिसके अनुसार प्रत्येक माह का लक्ष्य/उपलब्धि प्राप्त करने हेतु विभाग द्वारा अनुश्रवण किया जाये। लक्ष्य समय से पूरा न होने के कारण की जानकारी कर उसका निराकरण कराकर लक्ष्य समय से पूरा किया जाय।
4. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के स्तर पर लम्बित प्रकरणों के संबंध में मुख्य सचिव की ओर से सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, भारत सरकार को अनुरोध पत्र भिजवाया जाये।
5. योजनाओं के कार्य निर्धारित समय में ही पूर्ण कराये जाये।

**एजेण्डा बिन्दु संख्या 7.4**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।

कोई प्रस्ताव नहीं किया गया।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(अनुराग श्रीवास्तव)
प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/
परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उ0प्र0,
सदस्य सचिव, राज्य गंगा समिति

Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक :– 925 /0245–एफ/एस0एम0सी0जी0–उ0प्र0/16 दिनांक 14.09.20

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1 स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2 श्री नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव, स्माल एवं मीडियम इंडस्ट्रीज विभाग।
3 श्री के0रवीन्द्र नायक, प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
4 श्री दीपक कुमार, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग।
5 श्री ए0के0 सिंह, अधिशासी निदेशक (परियोजना), राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6 श्री अन्नावि दिनेशकुमार, विशेष सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/अपर परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0।
7 श्री रमेश रंजन, संयुक्त प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम।
8 श्री बृजराज सिंह यादव, विशेष सचिव, कृषि विभाग।
9 श्री पंकज सक्सेना, विशेष सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन।
10 श्री आशीष तिवारी, सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियत्रण बोर्ड।
11 श्री के0पी0 दूबे, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, परियोजना पर्यावरण वन एवं जल वायु परिवर्तन विभाग।
12 श्री संदीप चन्द्रा मुख्य अभियंता, औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
13 डा0 हरीश चंद्रा, विशेष कार्याधिकारी नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग।
14 श्री भीम सेन, मुख्यं वन संरक्षक (परियोजना), वन विभाग, उ0प्र0।
15 श्री गिरीश चन्द्र अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता (रामगंगा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग।

10-9-20

(शत्रुघ्न सिंह)
अपर परियोजना निदेशक
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0

Scanned with OKEN Scanner